## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 07.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बांदा पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया जागरुकता अभियान ।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 07.11.2025 को थाना AHTU, SJPU, श्रम विभाग, साथी यूपी संस्था , थाना जी.आर.पी. एवं आर. पी.एफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया । अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया । यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई । अभियान के दौरान प्लेटफार्म नंबर 01 पर 02 नाबालिक बच्चे लावारिस मिले । पूछताछ के दौरान बच्चों द्वारा बताया गया की मां सामान खरीदने गयी हैं संयुक्त टीम द्वारा बच्चों को सुरक्षित अपने पास रखा एवं बच्चों की मां का इंतजार किया बच्चों की मां के आने के बाद बच्चों को उनकी माता को सुपुर्द किया गया तथा हिदायत दी गई कि भविष्य में बच्चों को अकेला नहीं छोड़े । इसके बाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई । अभियान के दौरान श्रम अधिकारी बांदा श्री दुष्यंत कुमार, श्री मुस्तकीम थाना AHTU से प्रभारी निरीक्षक श्री विजय सिंह, उ0नि0 श्री अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी सरला मौर्य, थाना RPF से प्रभारी निरीक्षक श्री सुरुचि द्विवेदी, उ0नि0 श्री अतुल कुमार, सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार, उ0नि0 श्री विक्टर लाकरा, कांस्टेबल मोहम्मद वसी , GRP  बृजेंद्र यादव, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से रचना देवी, ग्रामीण विकास परंपरा संस्थान बांदा से श्री विनोद कुमार, शिवम यादव, साथी यू.पी. संस्था से प्रमोद तिवारी एवं ग्रामीण स्वावलम्बन समिति बांदा से ममता देवी एवं टीम के सदस्य मौजूद रहे ।